### एक नजर में

## विभिन्न मांगों को लेकर वार्ड नं पांच पार्षद पति ने ज्ञापन सौंपा

**सोनकच्छ।** नगर के वार्ड नंबर पांच के पार्षद पति संदीप गुप्ता द्वारा अपने वार्ड में विभिन्न कामों को लेकर एक लिखित ज्ञापन नगर परिषद सीएमओ अमरदास सैनानी को सौंपा। सात दिन में मांगें पूरी नहीं हुई तो नगर परिषद कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्रमांक 05 में सड़के जर्जर अवस्था में अपने कायाकल्प का रोना रोने में लगी है। सड़क जर्जर होने से पानी की सही निकासी नहीं हो पाती। लगातार पानी सड़क पर रुके रहने से मच्छार और गंदगी पनपने का अंदेशा बना रहता है। समय-समय पर लगातार अवगत कराने के बाद भी वार्ड क्रमांक 05 में आज दिनांक तक एक भी नवीन सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। वार्ड क्रमांक 05 में तिलक मार्ग एवं भावसार मोहल्ले में सड़क निर्माण के लिए पीआईसी बैठक में प्रस्ताव पास हुए एवा माह में ऊपर का समय बीत चुका है। लेकिन आज दिनांक तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई। शीघ्र से शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर तिलक मार्ग एवं भावसार मोहल्ले में नवीन सड़कों का निर्माण कराया जाए। धाकड़ सेरी में स्थिति यह है कि नालियां चौक होने पर गंदगी लोगों के घरों तक में प्रवेश कर जाती है। यहां की नालियों का जीर्णोद्धार कराने हेतु बारबार मेरे द्वारा अनुरोध किया गया है लेकिन आज दिनांक तक यहां नवीन नालियों का निर्माण नहीं किया गया। आए दिन वार्ड वासियों को यहां समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। सात दिवस के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जाए व शीघ्र भावसार मोहल्ले एवं निमक मार्ग में नवीन सड़को के निर्माण के साथ धाकड़ सेरी में नवीन नालीयों का निर्माण कराया जाये। अन्यथा सात दिन बाद परिषद परिसर में अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन किया जावेगा।

## नन्हे बच्चों ने दी संदेशात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुति



**देवास।** नन्हे कदमों की शिशु अवस्था में प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र विकास के लिए पारिवारिक वातावरण के साथ शिशुओ के आत्मविश्वास एवं मनोबल को मनोवैज्ञानिक रूप से खेल-खेल में शिक्षा से जोड़कर औपचारिक शिक्षा के लिए नींव मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर नवाचार के साथ संचालित द लिटिल स्टेप प्री-स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित हुआ। वार्षिक उत्सव में स्कूल के नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, बच्चों में मोबाइल की बढ़ती आदत के दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा हमारा नैतिक दायित्व, धर्म-संस्कृति पर आधारित नृत्य नाटिका, समूह संगीत नृत्य एवं अपने माता-पिता के साथ भावनात्मक नृत्य प्रस्तुत कर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों एवं श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्डर, कला गुरु एवं साहित्यकार राजकुमार चंदन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी, पत्रकार चेतन उपाध्याय एवं समाजसेवी अशोक सोमानी ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत गोपाल तिवारी, संचालिका चेतना तिवारी, प्राचार्य तृप्ति चौधरी एवं स्कूल के नन्हे बच्चों द्वारा किया गया। स्कूल के नन्हे बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि श्री चंदन ने कहा कि बारूद के ढेर पर बैठ चुकी इस दुनिया को यदि विश्व शांति का कोई ठोस समाधान निकालना है, तो राष्ट्रों प्रत्येक बड़े नेताओं को इन बच्चों की सहजता और निश्चलता से सीख लेने की आवश्यकता है। समारोह में अभिभावकों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन ब्यूटी कुमारी ने किया एवं आभार संचालिका चेतना तिवारी ने माना।

## आनंद ग्राम सोबल्यापुरा में आनंद उत्सव संपन्न



**देवास।** आनंद ग्राम सोबल्यापुरा में मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की संभागीय कोआर्डिनेटर डॉ. समीरा नईम की उपस्थिति और मार्गदर्शन में आनंद उत्सव का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य जन पूर्व उपसरपंच न्यादर सिंह राठौर, सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह बघेल, अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह परिहार, पूर्व मंडी अध्यक्ष गंगा बाई चम्पालाल काग, सरपंच अन्नू बाई परिहार, बाटिया मोर्य (प्रधान आरक्षक), प्रीतम परिहार, आदि बतौर अतिथि के रूप में रहे। स्वस्तिवाचन के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। निर्गुण भजन गायक कलाकार दिनेश मौर्य ने भजन संकल्प हो हमारा इंसान बने हम, इंसान बन गए तो भगवान के करीब हो जाएंगे....की सुमधुर प्रस्तुति दी। आनंद क्लब अभिव्यक्ति मंच बागली के सचिव वारिस अली, रोटी बैंक की शोभा गोस्वामी, प्रमीला तंवर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा तोमर, दिनेश शर्मा तथा पत्रकार राजेन्द्र योगी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा आनंद उत्सव में आयोजित खेल गतिविधियों रस्साकसी, चेयर रेस आदि में स्थानीय महिला-पुरूषों के साथ सहभागिता की। आनंद संस्थान देवास से गजेन्द्र शर्मा, सूफिया कुरेशी तथा लख्मी राव ने आनंद उत्सव को सभी की सहभागिता से संचालित किया। चेयर रेस में ग्राम की 75 वर्षीय रसली बाई अलावा ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता को 11,00 रु .की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। रोटी बैंक आनंद क्लब की ओर से उपस्थित ग्रामीण जनजातीय जरुरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए गये। समारोह का संचालन वारिस अली ने किया तथा आभार लक्ष्मण सिंह परिहार ने माना। पंचायत सचिव मनोज पंवार, सहायक सचिव जगदीश मुजाल्दे, विशाल देवड़ा, जगदीश चंदेल, लखन राजपूत, राजेश मंडलोई, आकाश सोलंकी, सरदार मौर्य, सुंदर सिंह आदि का सराहनिय योगदान रहा। सामूहिक स्नेह भोज के साथ आनंद उत्सव संपन्न हुआ। आनंद संस्थान द्वारा सभी सहभागिता करने वाले ग्रामीणों का दुपट्टा ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सामूहिक स्नेह भोज के साथ आनंद उत्सव संपन्न हुआ।

## गीताबाई पटेल का निधन पर श्रद्धांजलि दी



**टोंक खुर्द।** ग्राम चिड़ावद के पटेल रणछोड़ सिंह पटेल की धर्मपत्नी एवं लोकेश भाई मनीष, सतीश की माताजी एवं पत्रकार माखनलाल पटेल की भाभी श्रीमती गीताबाई पटेल का 68 वर्ष में निधन होने पर। पूर्व सरपंच रुस्तम पटेल, हेमराज चौधरी, कांतिलाल कंडक्टर, वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा, पत्रकार चरत पटेल आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## शराब के अवैध ठिकानों के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**देवास।** शहर के नोवेल्टी चौराहे पर आज कांग्रेस नेताओं ने युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ठेले पर शराब की बोतलें रखकर आबकारी विभाग के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि पिछले दिनों युवा कांग्रेस द्वारा आबकारी विभाग में ज्ञापन देकर शहर में चल रहे अवैध शराब कारोबार को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। विभाग को स्पष्ट रूप से चेताया गया था कि शहर के कई इलाकों में डायरी सिस्टम के नाम पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है और शराब दुकानों के आसपास अवैध अहाते संचालित हो रहे हैं, लेकिन 10-15 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग की लापरवाही के कारण गली-मोहल्लों में खुलेआम शराब बिक रही है, जिससे युवाओं और आम जनता पर बुरा असर पड़ रहा है। इसी के विरोध में आज युवा कांग्रेस ने ठेले पर शराब रखकर प्रतीकात्मक और अनोखा प्रदर्शन किया है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि शराब दुकानों के पास बने अवैध अहाते तुरंत बंद किए जाएँ, शहर में चल रहे डायरी सिस्टम पर सख्त रोक लगे, अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जितेंद्र सिंह गोल्ड ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आबकारी विभाग ने जल्द कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस पार्टी आगे भी इसी तरह के रचनात्मक और उग्र प्रदर्शन करती रहेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए



**देवास।** रोटरी क्लब देवास द्वारा गवर्नमेंट स्कूल पुलिस लाइन में बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष डीआर सचिन नगर, सचिव हिमांशु दुबे, प्रेम नारायण तिवारी, हेमंत वर्मा, सुधीर पंडित, भरत विजयवर्गीय एवीएन व अन्य रोटरी साथी भी उपस्थित रहे।

## 8 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**देवास।** थाना कोतवाली देवास पर प्रकरण क्रं. 168/2018, 190/2018, 140/2018, 144/2018 तथा 181/ 2018 में धारा 138 एनआईए एक्ट का स्थाई वारण्टी आरोपी राकेश पिता हीरालाल चौहान निवासी 50 एलआईजी जवाहर नगर देवास का उक्त प्रकरणो में वर्ष-2018 से फरार था। उक्त आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा नागदा से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां पर परिवादी साहेबराव माकोड़े ,वरिष्ठ अभिभाषक अर्जुन सिंह राठौड़ एवं उनके सहयोगी अभिभाषक चंद्रपाल सिंह राठौड़ द्वारा आपत्ति करने पर जिसे माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल देवास में निरूद्ध किया गया है। प्र.आर 1020 सुनील देथलिया, प्र.आर. 329 हेमंत डाबी, आर .319 नवीन देथलिया, आर. 14 विनय,का सराहनीय योगदान रहा।

## गणतंत्र दिवस की बैठक का आयोजन, प्रभात फेरी मार्ग छोटा करने का निर्णय

**10-12 वीं में अच्छे अंक व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी होंगे सम्मानित**



**सोनकच्छ।** नगर में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन जपं के सभाकक्ष में एसडीएम प्रिया चंद्रावत की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम ने गणतंत्र दिवस पर होने वाले आयोजनों के बारे विस्तार से सदन को बताया। उत्कृष्ट विद्यालय से निकाली जाने वाली प्रभात फेरी के मार्ग को छोटा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सदन को कहा कि, बच्चों के अभिभावक फेरी में शामिल होने दे रहे है वहीं हमारे लिए बहुत है। उन्होंने नप द्वारा किए जाने वाली व्यवस्था के लिए सीएमओ अमरदास सेनानी को निर्देशित किया। सेनानी को समय पर व्यवस्था पूर्ण करने के लिए कहा। पुलिस विभाग की आवश्यक बैठक होने से विभाग की ओर से कोई उपस्थित नही हुआ। इस पर एसडीओपी को एक चार का गार्ड तिरंगे को गार्ड ऑफ ओनर देने के लिए पत्र व्यवहार करेंगे। पिछले वर्ष सूचना के अभाव में तिरंगे को गार्ड ऑफ ओनर नही दिया गया था। बीईओ सीएल पेठारी को निजी स्कूल को कार्यक्रम की सूचना, 10-12 वीं में अच्छे अंक व विभिन्न प्रतियोगिता में शमिल होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए सूची देने व उनके विभाग से संबंधित कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। प्रभात फेरी मार्ग में चुने की लाइन डालने व मवेशी फेरी में घुसे इसके लिए नप को निर्देशित किया है। शहीद के परिजनों को सम्मानित करने के लिए उन्हें ससम्मान सूचना समय पर दी जाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम जो कि गणतंत्र दिवस पर होना है। उसके लिए चयन समिति का गठन किया गया जो कि 23 जनवरी को कार्यक्रम चयनित करेगी। कार्यक्रम होने के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय तय करने के लिए निर्णायक समिति का भी गठन किया गया। सदन ने सुझाव दिया कि, गणमान्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था अच्छे से हो व सम्मान सहित बिठाया जाएं। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया। एसडीएम ने कहा कि, सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि, शासकीय विभागों पर रौशनी नही की जाती है यह गलत है। इस पर विभाग प्रमुख ध्यान दें। बैठक में जपं सीईओ गीतिका सोनी, जपं अध्यक्ष सुरजसिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी फिरदोस शैख, कार्यपालन यंत्री अंकुर गोयल, एई टीपी सिंह, बीएमओ राकेश कुमार, श्रीराम व्यास, नरेन्द्र मेहता, बलबीरसिंह छाबड़ा, राधेश्याम गजेश्वर, दिपेन्द्र पटेल आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक

**नवीन आजीवन सदस्यों का किया सम्मान**





**देवास।** 19 जनवरी को सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक जिले के संरक्षक गेरूलाल व्यास के मुख्य आतिथ्य एवं पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे प्रदेश के अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी मार्गदर्शन देने हेतु विशेष रूप से उपस्थित हुए। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत परम्परानुसार गीत मानवता के लिए उषा की किरण जगाना वाले गीत की प्रस्तुति श्री व्यास ने दी एवं उपस्थित सभी ने उसे दोहराया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री लाम्बोरे ने प्रान्त के निर्देश का पालन करते हुए 21 जनवरी को मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र कलेक्टर को सोपने हेतु सबको उक्त दिनांक को उपस्थित रहने को कहा गया जिसमे सभी ने अपनी सहमति दी तथा दोपहर 12.30 पर कलेक्टर कार्यालय पर पहुंच कर ज्ञापन मे सम्मिलित होंगे। मीटिंग मे पेंशनर महासंघ के नवीन आजीवन सदस्य बनने पर मनोहरलाल पटेल, गजेन्द्रसिंह चौहान, सत्यनारायण वर्मा, सुभाष शर्मा, दयाराम चौधरी, श्री कौशल, सुभाष पंड्या, सदस्यों का एवं मातृशक्ति के रूप में दो महिला शिक्षिकाओं का भी आजीवन सदस्य बनने पर सम्मान किया गया तथा राज्य कर्मचारी संघ देवास के नव निर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी का भी सम्मान किया गया। उक्त बैठक मे श्री तिवारी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा चतुर्थ समयमान बाबत जानकारी दी गई। बैठक मे गेरूलाल व्यास संरक्षक, सुभाष लाम्बोरे जिलाध्यक्ष पद्माकर फणनिस कार्यकारी अध्यक्ष, देवकरण शर्मा सचिव, अशोक शर्मा कोषाध्यक्ष एवं सदस्य शिवनारायण कारपेंटर, छगनलाल पिपलोदिया, भूषण कर्णिक, गोविंद कानूनगो, राजेन्द्र सोलंकी, अशोक दर्शे, श्री मिश्रा, मातृशक्ति कल्पना मूले, अंजली पत्की, मनीषा आकोलकर, कुसुम मेहरा, पालीवाल, श्रीमती गुप्ता, श्रीमती रेवाडीकर, उषा माथुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवकरण शर्मा सचिव द्वारा किया गया तथा आभार कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा ने माना।

## श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस पर भंडारे के साथ हुआ समापन



**कन्नौद।** देवास जिले के खातेगाँव तहसील के ग्राम आमला में लाडली बहनो द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत की पूर्णाहुति समापन हुआ, कथा के सातवे दिवस पर ग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। कथा के दौरान कथावाचक सुनील रुद्र महाराज ने सुदामा चरित्र ओर राजा परीक्षित मोक्ष के साथ सप्त दिवसीय कथा की पूर्णाहुती हुई, जिसमे सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया, जिसको सुनकर लाडली बहनाये व उपस्थित श्रोतागण भजनो की धुन पर झूमे कथा के दौरान सहयोगी कपिल बैरागी, राहुल शर्मा, रुद्राक्ष बैरागी, संगीतकार विकास सोनी सहित गांव के समस्त श्रद्धालुओ ने भागवत कथा का रसपान कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

## बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह एवं बटुक सम्मलेन





**देवास।** प्रति वर्षानुसार श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण एवं सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा 23 जनवरी बसंत पंचमी को गौतम आश्रम में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य बालक बालिकाओं के सामूहिक विवाह एवं बटुक सम्मेलन होगा। सम्मेलन को लेकर गौतम आश्रम नगर सभा एवं सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों की बैठक गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एम एम मोदी एवं आदिगोद ब्राह्मण समाज के मधुसूदन शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुई । जिसमें पंडित नवीन दुबे ने प्रस्तावना के साथ कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला एवं सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सर्व सहमति से पदाधिकारी एवं सदस्यों में कार्य विभाजन कर दायित्व सौंपे गए।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा उक्त आयोजन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान की घोषणा की गई। बैठक में उपस्थित आयोजक मंडल ने समस्त ब्राह्मण बंधुओं से आयोजन सफल बनाने की अपील की ।

## आनंद उत्सव में उमड़ा उत्साह, सुंदरकांड पाठ और खेलकूद से खिले चेहरे



**टोंक खुर्द।** मध्य प्रदेश शासन के आनंद विभाग के निर्देशानुसार जनपद पंचायत टोंक खुर्द के प्रांगण में विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवन के बीच कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के जीवन में सकारात्मकता और उत्साह का संचार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। स्थानीय सुंदरकांड मंडलियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसके पश्चात विधि-विधान से सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड की चौपाइयों और मंडलियों के भजनों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिससे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध नजर आया। मैदान पर दिखा खेल भावना का जोश आध्यात्मिक सत्र के बाद खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी विभागीय पहचान भूलकर एक खिलाड़ी के रूप में उत्साहपूर्वक भाग लिया। टोंक खुर्द जनपद पंचायत के मैदान में आयोजित इन खेलों में मुख्य आकर्षण रहे। रसाकशी इसमें विभागों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली कुर्सी दौड़ इस खेल ने सभी को खूब गुदगुदाया नींबू रेस- एकाग्रता और संतुलन के इस खेल में भी कर्मचारियों ने अपना कौशल दिखाया प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति इस आनंदमयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत टोंक खुर्द के अध्यक्ष पोप सिंह ठाकुर जीरवाय एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश सिंह चांदना उपस्थित रहे ।उनके साथ सभी जनपद प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आनंद विभाग की ओर से डॉ.अनार सिंह ठाकुर एवं सुरेंद्र सेंधव विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आनंद विभाग की अवधारणा और जीवन में प्रसन्नता के महत्व पर प्रकाश डाला। विभिन्न विभागों की रही सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। आयोजन में मुख्य रूप से विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जनपद पंचायत टोंक खुर्द का स्टाफ, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत टोंक खुर्द के अध्यक्ष पोप सिंह ठाकुर जीरवाय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल आपसी प्रेम बढ़ता है, बल्कि कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।

पूरा परिसर हंसी-मजाक और उल्लास के वातावरण में डूबा रहा, जिससे आनंद उत्सव का मूल उद्देश्य सार्थक सिद्ध हुआ।

**एक नजर** 16 वर्षो से एक जगह पर ही पदस्थ है, जिलाधीश को जनसुनवाई में दिया आवेदन

## म .प्र .जनअभियान परिषद सोनकच्छ ब्लाक समन्वयक कर रहे भ्रष्टाचार

**देवास।** सोनकच्छ निवासी चंद्रशेखर शर्मा ने जिलाधीश को आवेदन देकर शिकायत करते हुए बताया कि म.प्र.जन अभियान परिषद सोनकच्छ के ब्लॉक समन्वयक के द्वारा भष्टाचार व नियम विरूद्ध कार्य किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक के द्वारा सत्र 2022-23, 2023-2024 के अध्ययनरत छात्र को मेन्टर पद पर सत्र 2022-23 से नियुक्त किया गया, क्योकि एक व्यक्ति एक समय में दो जगह कैसे उपस्थित हो सकता है, वह एक साथ दो कार्य कैसे करेगा। जिसकी जानकारी ब्लॉक समन्वयक को थी। परामर्शदाता के रूप में सोनकच्छ विकासखण्ड में रखा गया, वही अन्य विकासखण्ड में एमएस डब्ल्यू के रूप में छात्र थे। जबकि यह नियम के विरूद्ध कार्य किया गया। एक परामर्शदाता( मेंटर )के द्वारा 4 जनवरी 2024 से महाविद्यालय में अतिथि विद्वान में चयन होने से परामर्शदाता ( मेंटर) का पद छोड दिया गया था, जबकि इनके द्वारा नयें परामर्शदाता की नियुक्ति की जाना थी,लेकिन भष्टाचार करते हुयें मानसिंह मालवीय विकासखंण्ड समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद् सोनकच्छ जिला देवास के द्वारा परामर्शदाता के अनुपस्थित होने के बाद भी उपस्थिति लगाकर मानदेय निकाला गयां, इसकी भी निष्पक्ष जाच होना चाहिए। पुरानी सक्रिय प्रस्पुटन समिति को हटाकर मनमानी तरीकें से नयी प्रस्पुटन समिति बनाई गई,जबकि पूर्व से सक्रिय समिति को पुनः नियुक्ति दी जा सकती थी। नवांकुर श्री राम सामाजिक सेवा समिति में अध्यक्ष पद पर सेवारत था। वर्तमान सत्र में समन्वयक द्वारा कहा गया कि नवीन आदेश आया हे कि इस वर्ष नवीन नवांकुर समिति को नियुक्ति की जायेगी तथा समन्वयक द्वारा यह कहा गया कि पूर्व से कार्यरत समिति की नियुक्ति करना है तो आपको मुझे 10000 रू देना पडेगें अन्यथा आपकी नियुक्ति नही दी जायेगी ।मेरे द्वारा ब्लॉक समन्वयक को 10000 रू नही देने पर मेरी समिति का चयन नही किया गया। यह है कि वर्तमान चयनित नवांकुर समितियों की निष्पक्ष जाच की जायें। ब्लॉक समन्वयक को सोनकच्छ विकासखण्ड में ही ब्लॉक समन्वयक पद पर 16 साल एक ही स्थान पर हो गयें है, आज तक इनका स्थानान्तरण अन्य स्थान पर नही किया गया। ब्लॉक समन्वयक के जीजाजी संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय की मिली भगत होने के कारण इनका अभी तक स्थानान्तरण नही किया गया,इस वजह से ये अपनी मनमानी करतें है।

## झूलते बिजली तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**देवास।** जिले के ग्राम चांदना में खेत पर सिंचाई कार्य के दौरान झूलते बिजली तार की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मेंढकी धाकड़ निवासी 52 वर्षीय कन्हैयालाल मालवीय के रूप में हुई है। घटना से क्षेत्र में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल मालवीय ग्राम चांदना स्थित खेत पर पानी फेर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली विभाग की लाइन का तार अत्यधिक नीचे झूल रहा था, जो अचानक उनके संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित बिजली लाइन लंबे समय से जर्जर हालत में थी और तार नीचे लटके हुए थे। इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समय रहते सुधार किया जाता तो इस हादसे को टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। वहीं मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने खेतों से गुजर रही सभी बिजली लाइनों की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।